AS – 101

IV Semester B.Com. Examination, April/May 2012
(Semester Scheme) (2010-2011 & Onwards) F/R
LANGUAGE HINDI – IV (Part – I)
Hindi Drama, Sarkari Patra

Time : 3 Hours | Max. Marks : 90

I. **एक** शब्द, वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **(1×10=10)**

1) प्रतिज्ञा के पहले भीष्म का नाम क्या था ?
2) भीष्म को इच्छा मृत्यु का वरदान किसने दिया ?
3) गांधारी के साथ कौन राजकुमार हस्तिनापुर आता है ?
4) विवाह मंडप में गांधारी ने क्या किया ?
5) पांडव ने कौरवों से कितने गाँव मांगे ?
6) किसके जन्मते ही अपशकुन हुए ?
7) "कोमल गांधार" के नाटककार कौन हैं ?
8) जीवन को किसने केवल चौपड़ का खेल माना ?
9) गांधारी का विवाह किससे हुआ ?
10) गांधार का सीमा चिह्न क्या था ?

II. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(3×8=24)**

1) राजमाता बनने का सुख बहुत बड़ा होता है, संजय !
धृतराष्ट्र का अन्धापन बहुत जल्दी भुला देगी।

2) इसलिए थी यह चुप्पी ! तो इसलिए चली हमारी यात्रा शवयात्रा की तरह ! तो इसलिए इतना धन दिया गया मेरे पिता को !

3) मैं जानती थी कि वे नहीं कहेंगे ! क्यों कहते, जब कहा था तब मैंने कहा सुना नहीं।

P.T.O.

www.onlinebu.com

4) उस कड़वाहट को कोई नहीं देखता जो मेरे हिस्से में आयी है। हर कोई हमें शंका की दृष्टि से देखता है। भीष्म, द्रोण, कृपाचार्य ... इन्होंने हमें अपाहिजों की संतान से अधिक कुछ नहीं माना।

5) कल इतिहास मुझे कोसेगा कि मैंने एक महासति को साधारण स्त्री बना दिया ! ... जा ... माँ ... तू असाधारण ही बनी रह। हम साधारण लोगों की असाधारण माँ ! हम साधारण ही जन्मे ... वैसे ही मरे ... जा, माँ !

6) आज तक दूसरों ने ही हमारे लिए फैसले किए । क्या पूरे जीवन में हम अपने लिए एक भी फैसला नहीं कर सकते ?

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(1×16=16)**

1) ''कुरुवंश को अपने अन्याय की कीमत चुकानी ही होगी''– 'कोमल गांधार' के आधार पर गांधारी के इस कथन की पुष्टि कीजिए।

2) 'कोमल गांधार' के आधार पर निम्नलिखित पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए :

   i) धृतराष्ट्र।

   ii) भीष्म।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : **(2×8=16)**

1) गांधारी की दासी

2) गांधार से हस्तिनापुर तक की यात्रा

3) कुंती और गांधारी –एक अन्तर्विरोध

V. किन्हीं **दो** पत्रों को लिखिए : **(2×12=24)**

1) उपसचिव, गृहमंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सभी राज्य मंत्रालयों के मुख्य सचिवों को एक परिपत्र लिखिए, जिसमें आतंकवाद को रोकने के लिए ठोस उपाय करने की सूचना हो।

2) महानिदेशक, पुलिस विभाग, कर्नाटक सरकार, बेंगलूर की ओर से राज्य के सभी पुलिस चौकियों को एक कार्यालय आदेश प्रेषित कीजिए, जिसमें अन्य राज्यों से आनेवाले छात्रों का विवरण संग्रह करने का निर्देश हो।

3) गृहमंत्रालय, कर्नाटक सरकार की ओर से बेंगलूर अभिवृद्धि प्राधिकार, स्यांकी रोड़, बेंगलूर के नाम एक अनुस्मारक तैयार कीजिए, जिसमें पुलिस कर्मचारियों की आवास योजना का विचार किया गया हो।

---

www.onlinebu.com
http://www.onlinebu.com